रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/98

REGD. NO. D. L.-33004/98

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 51] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, सितम्बर 17, 1998/भाद्र 26, 1920
No. 51] NEW DELHI, THURSDAY, SEPTEMBER 17, 1998/BHADRA 26, 1920

दि इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इण्डिया

(कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 के अधीन)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 10 सितम्बर, 1998

फा. सं. 104/26/लेखा.—31 मार्च, 1998 को समाप्त वर्ष की दि इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इण्डिया की परिषद् की अठारहवीं वार्षिक रिपोर्ट ।

1. प्रस्तावना

1.1 कंपनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 18 की उपधारा (5) के अनुसरण में दि इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज की परिषद् 31 मार्च 1998 की 18वीं वार्षिक रिपोर्ट और इस अवधि के लेखों का परीक्षित विवरण तथा उन पर इंस्टीट्यूट के कामकाज की लेखापरीक्षक रिपोर्ट प्रकाशित करती है ।

2. नई घटनायें

2.1 कम्पनी सचिव व्यवसाय के दृष्टिकोण से इस वर्ष की अत्यंत महत्वपूर्ण घटना यह थी कि 14 अगस्त, 1997 को राज्य सभा में कम्पनी विधेयक पेश किया गया। इंस्टीट्यूट द्वारा कम्पनी विधेयक के कार्यकारी प्रारूप पर दिए गए अभ्यावेदन पर विचार करने के बाद सरकार ने प्रत्येक सूचीबद्ध कम्पनी और प्रत्येक गैर-सूचीबद्ध कम्पनी के लिए भी, जिसकी प्रदत्त शेयर पूंजी एक करोड़ रुपए या इससे अधिक है, पूर्ण कालिक सचिव की नियुक्ति अनिवार्य कर दी है । इस विधेयक में पूर्ण कालिक प्रेक्टिसरत सचिवों के लिए उनके व्यावसायिक कार्य के और नए क्षेत्र खोलने का प्रस्ताव है । धारा 256(5) में प्रावधान किया गया है कि ऐसी प्रत्येक कम्पनी के लिए, जिसे पूर्णकालिक सचिव नियुक्त करने की आवश्यकता नहीं है और उसकी प्रदत्त शेयर पूंजी 10 लाख रुपये या इससे अधिक है, आवश्यक होगा कि वह पूर्णकालिक प्रेक्टिसरत सचिव का प्रमाण पत्र ऐसे फार्म और शर्तों के अधीन रहते हुए लगाए, जो निर्धारित की गई हो; इस प्रमाण पत्र में प्रमाणित किया जाए कि कम्पनी अधिनियम के सभी प्रावधानों का अनुपालन किया है या नहीं । प्रथम बार केन्द्र सरकार को धारा 412 के अधीन शक्ति प्रदान की जायेगी जिससे वह प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव से सचिवीय लेखा परीक्षा कराने के निर्देश दे सकती है । धारा 297 के अधीन कम्पनी परिसमापक की नियुक्ति का प्रावधान है, जिसे कम्पनी सचिवों, एडवोकेटों, चार्टर्ड एकाउण्टेण्टों, कास्ट वर्क्स एकाउण्टेण्टों की फर्मों या इन विधाओं से संबंध मिली जुली फर्मों के पैनल से नियुक्त किया जा सकता है । धारा 264 में न्यायालय को समझौता, व्यवस्था और पुनर्निर्माण से सम्बद्ध किसी प्रश्न के निर्धारण या अन्य किसी मामले पर विशेषज्ञों से युक्त आयोग को विशेषज्ञ समिति में लेने के लिए निर्देश जारी करे । चूंकि निगम विधियों में कम्पनी सचिवों की मुख्य योग्यता को स्पष्ट रूप से स्वीकार किया गया है, इसलिए न्यायालय उनसे विशेषज्ञ सम्मति देने का आदेश दे सकता है।

12 जून, 1997 को इंस्टीट्यूट ने इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट एंड वर्क्स एकाउण्टेंट्स ऑफ इण्डिया के साथ संयुक्त रूप से कम्पनी विधेयक, 1997 के कार्यकारी प्रारूप पर एक राष्ट्रीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया, जिसका उद्घाटन माननीय केन्द्रीय वित्त मंत्री श्री पी.चिदम्बरम ने किया । इंस्टीट्यूट ने फिर एक बार कम्पनी विधेयक, 1997 पर एक राष्ट्रीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया, जिसका उद्घाटन संसदीय वित्त स्थायी समिति के अध्यक्ष डा. देबी प्रसाद पाल ने किया । इंस्टीट्यूट की क्षेत्रीय परिषदों/शाखाओं ने भी कार्यकारी मसौदे और कम्पनी विधेयक, 1997 पर अनेक विचार गोष्ठियां और कार्यशालाएं आयोजित कीं । इनमें जो सुझाव सामने आए, उन्हें सरकार के पास विचारार्थ भेज दिया गया । कम्पनी विधेयक, 1997 के बारे में सुझाव देते हुए एक ज्ञापन संसदीय वित्त स्थायी समिति को भी उसके विचारार्थ भेजा गया।

2.2 कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 में संशोधन

इंस्टीट्यूट की परिषद् ने कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 में संशोधन करने के लिए कुछ प्रस्ताव भेजे । इन प्रस्तावों में निम्नलिखित शामिल हैं—"नियोजन में रहने" शब्दावली की परिभाषा, सदस्यों से कितना अधिकतम प्रवेश और वार्षिक शुल्क लिया जा सकता है, इस बारे में राशि की अधिकतम सीमा को हटाना, प्रेक्टिसरत सदस्यों को 'प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव' का पदनाम तथा नौकरी में लगे सदस्यों को उनके नियोक्ताओं द्वारा दिए गए पदनाम का प्रयोग करने की

2538 GI/98—1

अनुमति देना, व्यवसाय या अन्य कदाचार से सम्बन्धित जांचों के मामले में अनुशासन समिति की रिपोर्ट पर विचार करने से पूर्व परिषद के समक्ष अभ्यावेदन देने का अवसर देने का प्रावधान; समर्थक प्रावधान की व्यवस्था करना जिससे प्रेक्टिसरत सदस्य व्यवसाय सेवाएं प्रदान करने के लिए भारत में और भारत के बाहर की व्यावसायिक संस्थाओं के साथ व्यवस्था कायम कर सकें और प्रेक्टिसरत सदस्यों को अपनी अर्हताओं, व्यावसायिक अनुभव और जिस प्रकार की सेवाएं प्रदान करते हैं, इनके बारे में विज्ञापन देने या लिखित पत्र आदि भेजने की अनुमति मिल सके। भारत सरकार प्रस्तावित संशोधनों पर सक्रिय रूप से विचार कर रही है।

2.3 कम्पनी सचिवों का रजत जयंती राष्ट्रीय सम्मेलन और तीसरा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन

कम्पनी सचिवों का रजत जयंती (25वां) राष्ट्रीय सम्मेलन और तीसरा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन 29–31 अगस्त 1997 को हैदराबाद में आयोजित किया गया, जिसका विषय था–'कार्पोरेट गवर्नेंस–ग्लोबल पर्सपेक्टिव' अर्थात् 'निगम प्रशासन–वैश्विक परिप्रेक्ष्य'। इस सम्मेलन में सर्वाधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और इसका स्तर अत्यधिक ऊंचा था। परिषद हैदराबाद शाखा और दक्षिणी भारत क्षेत्रीय परिषद द्वारा इसके आयोजन के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करती है।

2.4 भारत सरकार के माननीय वित्त मंत्री के साथ बैठक

14 मई 1997 को इंस्टीट्यूट के एक प्रतिनिधिमंडल ने, जिसमें इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष महोदय, परिषद सदस्य और सचिव शामिल थे, भारत सरकार के माननीय वित्त मंत्री श्री पी० चिदंबरम् के साथ मुलाकात की, जिसमें उनके साथ इन क्षेत्रों के बारे में चर्चा हुई, जिसमें कंपनी अधिनियम पर कार्यकारी ग्रुप द्वारा कम्पनी सचिव की अनिवार्य नियुक्ति के बारे में की गई सिफारिशों से उत्पन्न विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

2.5 भारत सरकार के माननीय वित्त राज्य मंत्री के साथ बैठक

जून 1997 को इंस्टीट्यूट के एक प्रतिनिधि मण्डल ने तत्कालीन वित्त राज्य मंत्री सतपाल महाराज से भेंट कर उन्हें कम्पनी विधेयक के कार्यकारी प्रारूप में, विशेष रूप से कम्पनी सचिवों के व्यवसाय को प्रभावित करने वाले प्रावधानों के बारे में इंस्टीट्यूट द्वारा सुझाए गए परिवर्तनों के बारे में अवगत कराया।

2.6 सेबी, आई डी बी आई, एन एस ई आदि के साथ बैठक

सेबी के चेयरमैन और वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आई डी बी आई) के चेयरमैन और कार्यकारी निदेशक, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के प्रबन्ध निदेशक और अनेक राज्य औद्योगिक विकास निगमों तथा राज्य वित्तीय निगमों के चेयरमैन और प्रबन्ध निदेशकों से बैठकें हुईं और उन पर इस बात के लिए जोर दिया गया कि कम्पनी सचिवों की सेवाओं का उपयोग किया जाए।

2.7 कम्पनी सचिवों के व्यवसाय को मान्यता

भारत के प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (सेबी) ने सभी स्टॉक एक्सचेंजों को साथ ही साथ सूचीबद्ध करार में संशोधन करने के निर्देश दिए हैं कि कम्पनी से इस बात पर जोर देने का प्रावधान किया जाए कि रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेण्ट (आर टी ए) इस बात का प्रमाण पत्र दें कि सभी अंतरणों को निर्धारित समय में पूरा कर लिया गया।

2.8 इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड सेक्रेटरीज एंड एडमिनिस्ट्रेटर्स (आई सी एस ए) लन्दन के साथ पारस्परिक आधार पर प्रश्न पत्र वार छूट की व्यवस्था

आई सी एस ए, लन्दन ने सिद्धांत रूप में आई सी एस ए के अर्हता योजना प्रश्न पत्रों में से तीन प्रश्न पत्रों अर्थात् कम्पनी विधि, कम्पनी सचिवीय पद्धति और कम्पनी कार्य प्रशासन को छोड कर आवेदन करने पर सभी पत्रों में छूट

के लिए आई सी एस ए अर्हता और सदस्यताधारियों को मान्यता प्रदान करने की सहमति दे दी है। इसके बदले में इंस्टीट्यूट ने आई सी एस ए अर्हता और सदस्यताधारियों को आवेदन करने पर आई सी एस आई के फाइनल के सभी प्रश्नों में, तीन प्रश्न पत्रों अर्थात् निगम विधि और पद्धति -I, निगम विधि और पद्धति–II और निगम विधि और पद्धति–III को छोड कर, शेष में छूट देने की सहमति दे दी है। आशा है कि औपचारिक रूप से शीघ्र ही इस सहमति पर हस्ताक्षर हो जाएंगे।

2.9 नेशनल लॉ स्कूल आफ इण्डिया यूनीवर्सिटी के साथ सहमति ज्ञापन

नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इण्डिया यूनीवर्सिटी के साथ एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें संयुक्त रूप से कार्यशालाओं और विचार गोष्ठियों के आयोजन, अनवरत शिक्षा तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम, जर्नलों, पाठ्यक्रम सामग्री, केस अध्ययन, अनुसंधान प्रकाशनों और अन्य अकादमिक एवं अनुसंधान सामग्री की अदला बदली, डाक द्वारा शिक्षा कार्यक्रम के अधीन संयुक्त रूप से अध्ययन सामग्री तैयार करने, संकाय–विनियम, बुनियादी ढांचे, पुस्तकालय आदि जैसी सुविधाओं में सहभागी होने के बारे में सहमति हो गई है। एन एल एस आई यू ने अपने पी० एच० डी० पाठ्यक्रम के लिए कम्पनी सचिवीय अर्हता और सदस्यता को मान्यता प्रदान कर दी है।

2.10 सी सी एल एस अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण

कम्पनी कार्य विभाग के आदेश पर इंस्टीट्यूट ने नई दिल्ली में केन्द्रीय कम्पनी विधि सेवा के अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय दो प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इस सेवा के सभी क्षेत्रों से आए अधिकारियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया और सभी भागीदारों एवं कम्पनी कार्य विभाग ने अत्यंत सराहना की।

2.11 स्टॉक एक्सचेंजों के लिए आदर्श उप-नियम

सेबी के आदेश पर इंस्टीट्यूट ने सभी स्टॉक एक्सचेंजों के लिए अनुच्छेदों का प्रारूप और आदर्श उपनियमों का प्रारूप तैयार किया तथा सेबी को प्रस्तुत किया। इंस्टीट्यूट द्वारा प्रस्तुत किए प्रारूपों पर सेबी द्वारा स्थापित एक समिति विचार कर रही है।

2.12 बेलापूर, नवी मुम्बई में अनुसंधान केन्द्र (सी सी आर टी)

नवी मुम्बई में सी सी आर टी के भवन निर्माण कार्य तथा फर्नीचर की व्यवस्था का काम पूरा हो गया है और कुछ आखिरी छोटे मोटे काम समाप्ति पर हैं। केन्द्र अब अपना काम काज शुरू करने के लिए तैयार है और प्रस्ताव है कि सितम्बर/अक्तूबर 1998 में इसका औपचारिक रूप से उद्घाटन किया जाएगा। यह केन्द्र शिक्षा, प्रशिक्षण, परामर्श, अनुसंधान और प्रकाशनों के माध्यम से उत्तम प्रकार के कम्पनी व्यावसायिकों को तैयार करने के लिए समर्पित है और यह निगम विधि, कराधान, आर्थिक विधान, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार एवं वित्तीय प्रबंधन का ज्ञान प्रदान करने का श्रेष्ठ स्थान बनेगा। निवासी ओर अनिवासीय प्रशिक्षण तथा व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों के अलावा केन्द्र आने वाले समय में निगम जगत की बदलती आवश्यकताओं पर परामर्शी सेवाएं तथा अनुसंधान परियोजना के कार्य को हाथ में लेगा।

2.13 कम्प्यूटरीकरण और ई-मेल

विद्यार्थियों, सदस्यता और प्रशिक्षण सेवाओं संबंधी कम्प्यूटरीकरण का प्रथम चरण पूरा हो चुका है। इंस्टीट्यूट ने ई–मेल की सुविधाएं भी प्राप्त कर ली हैं। सामान्य जनता और विदेशी संस्थागत निवेशकों, बहुराष्ट्रीय कम्पनियों, भारत में व्यापार करने की इच्छुक विदेशी कम्पनियों को सूचना प्रदान करने के लिए एक वेबसाइट भी तैयार हो रहा है, जिस पर इंस्टीट्यूट की गतिविधियों और हमारे सदस्यों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की विशेष रूप से जानकारी दी जाएगी।

2.14 शाखा गाइडलाइनों का पुनरीक्षण

पिछले वर्षों में 1983 में तैयार की गई शाखा का गाइडलाइनों के बारे में इनके कार्यान्वयन के आधार पर प्राप्त अनुभवों के प्रकाश में इनमें विस्तृत रूप से संशोधन किया गया है।

2.15 पूंजी-बाजार और वित्तीय सेवाओं में पश्च सदस्यता अर्हता पाठ्यक्रम

31 मार्च 1998 को पूंजी–बाजार और वित्तीय सेवाओं में पश्च सदस्यता अर्हता पाठ्यक्रम के लिए इंस्टीट्यूट के 310 सदस्यों के नाम दर्ज थे। पी एम क्यू पाठ्यक्रम की दूसरी परीक्षा अक्तूबर 1997 में चार केन्द्रों–कलकत्ता, चेन्नई, दिल्ली और मुम्बई में आयोजित हुई। ग्रुप–एक में तीन सदस्यों और ग्रुप–दो में एक सदस्य को परीक्षा में सफल घोषित किया गया। इस परीक्षा में बैठे 57 सदस्यों में से एक सदस्य ने लिखित परीक्षा के दोनों ग्रुपों की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद भाग–एक पूरा कर लिया है। इस वर्ष कलकत्ता, चेन्नई, दिल्ली और मुम्बई में दो दिवसीय चार पुनश्चर्या कार्यक्रम आयोजित किए गए।

3. परिषद

3.1 अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

परिषद की 105 वीं बैठक 1 जनवरी 1998 को हुई जिसमें 1 जनवरी 1998 से एक वर्ष के लिए श्री बी0 पी0 धनुका को अध्यक्ष और श्री वीरेन्द्र गण्डा को उपाध्यक्ष चुना गया।

3.2 बैठकें

समिति की विभिन्न बैठकों के अलावा परिषद ने 1997–98 के दौरान आठ बैठकें आयोजित कीं।

3.3 समितियां आदि

परिषद द्वारा गठित विभिन्न समितियों, विशेषज्ञ ग्रुपों ओर परामर्शी बोर्डों का विवरण इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'क' में दिया गया है।

4. व्यावसायिक विकास और अनवरत शिक्षा कार्यक्रम

1997–98 के दौरान नौ व्यावसायिक विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें रजत जयंती राष्ट्रीय सम्मेलन और अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन भी शामिल है। इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'ख' में विस्तृत विवरण दिया गया है।

5. क्षेत्रीय परिषदें और शाखायें

5.1 क्षेत्रीय परिषदें

चारों क्षेत्रीय परिषदों ने बड़े उत्साह और जोश से अपनी गतिविधियां और कामकाज को चला कर परिषद को अपना समर्थन और सहायता देना जारी रखा। क्षेत्रीय परिषदों ने कैरियर मेलों, फोन–इन कार्यक्रमों, सेमिनारों और कार्यशालाओं, एस. एम. टी. कार्यक्रमों, मौखिक शिक्षण कक्षाओं, विद्यार्थी मार्गनिर्देशी बैठकों, अध्ययन सर्किल कक्षाओं और क्षेत्रीय सम्मेलनों का आयोजन किया। ये परिषदें पुस्तकालयों को भी व्यापक रूप से अद्यतन रखने, समाचार–बुलेटिन प्रकाशित करने और आंकड़े रखते हुए रोजगार सेवाएं प्रदान करने, सदस्यों, विद्यार्थियों को जानकारी देने, इंस्टीट्यूट के प्रकाशनों की बिक्री करने का काम भी कर रही हैं। परिषद के निर्देशानुसार, मुख्यालय द्वारा की जाने वाली कुछ गतिविधियों का विकेन्द्रीकरण कर 1997–98 के दौरान उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद तथा अन्य क्षेत्रीय परिषदों और प्रमुख शाखाओं में दूसरे चरण में किया गया है। 31 मार्च 1998 को क्षेत्रीय परिषद की रिजर्व और अधिशेष राशि तथा प्रत्येक क्षेत्रीय परिषद में सदस्यों और विद्यार्थियों की संख्या नीचे दी गई है:

मद		पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद	उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद	दक्षिणी भारत क्षेत्रीय परिषद	पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद
वित्तीय स्थिति:					
(1)	अधिशेष 1997–98 रू0	24859	1347150	135178	29824
(2)	रिजर्व	1353095	3440731	1602031	272405
नियमित पाठयक्रम के विद्यार्थियों की संख्या					
–31–03 1998 को		23855	52990	34792	34294
–31–03 1997 को		20525	45385	29231	31624
–1997–98 के दौरान वृद्धि का प्रतिशत		16.22	16.75	19.02	8.44
फाउंडेशन पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की संख्या					
–31 मार्च 1998 को		8346	29972	9531	11370
–31 मार्च 1997 को		9837*	31206*	10493*	11898*
–1997–98 के दौरान वृद्धि		15.21	3.96	9.17	4.44
का प्रतिशत					
सदस्यों की संख्या					
–31 मार्च 1998 को		1405	3184	3112	4068
–31 मार्च 1997 को		1348	3007	3026	3963
–1997–98 के दौरान वृद्धि		4.23	5.88	2.84	2.64
का प्रतिशत					

* तीन वर्षों की वैध अवधि को हिसाब में लेने के बाद यह संख्या निकली है।

5.2 शाखायें

1997–98 के दौरान इंस्टीट्यूट की सभी 36 शाखाओं की प्रबंध समितियों के पदाधिकारी चुने गए और कंपनी सचिव विनियमावली, 1982 तथा सचिव शाखाओं की मार्ग–निर्देशिका 1983 (31.12.1997 तक यथा संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार उनका पुनर्गठन किया गया। इस वर्ष के दौरान शाखाओं में विद्यार्थियों को शिक्षण, मौखिक शिक्षण और प्रशिक्षण देने तथा सदस्यों के लिये व्यावसायिक विकास कार्यक्रम आयोजित करने की अनेक गतिविधियां संपन्न की गईं। इस वर्ष मंगलौर शाखा ने अपने कार्यस्थल की खरीद की। आज तक जिन शाखाओं के अपने कार्यस्थल हैं उनके नाम इस प्रकार हैं:–

अहमदाबाद, बंगलौर, भोपाल, कोचीन, डोम्बीवली, गाजियाबाद, गोआ, हैदराबाद इन्दौर, जयपुर, कानपुर, मंगलौर, पुणे और वडोदरा।

5.3 सर्वोत्तम शाखा पुरस्कार

1996 के सर्वोत्तम शाखा पुरस्कार हैदराबाद में आयोजित 25 वें राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में निम्नलिखित शाखाओं को दिये गये:

सर्वोत्तम राष्ट्रीय शाखा पुरस्कार

कानपुर और जयपुर (संयुक्त विजेता)

सर्वोत्तम क्षेत्रीय शाखायें

पूर्व–भुवनेश्वर और रांची (संयुक्त विजेता)

उत्तर–कानपुर और जयपुर (संयुक्त विजेता)

दक्षिण–हैदराबाद

पश्चिम–पुणे

5.4 सैटेलाइट शाखाएं

इंस्टीट्यूट की परिषद ने सभी चारों क्षेत्रों में सदस्यों और विद्यार्थियों को सेवा प्रदान करने के लिए सैटेलाइट शाखाओं के गठन के लिए मार्गनिर्देश निर्धारित किए हैं। आज की तारीख तक निम्नलिखित स्थानों पर 16 सैटेलाइट शाखाओं का गठन किया जा चुका है।:

उत्तर – आगरा, इलाहाबाद, बरेली, ब्यावर, भीलवाडा, गुड़गांव, जोधपुर, मेरठ, वाराणसी, यमुना नगर,

दक्षिण – हुबली–धारवाड़, कोट्टयम, त्रिचुर, विजयवाड़ा,

पश्चिम – नासिक, रायपुर

इंस्टीट्यूट की सैटेलाइट शाखाओं में अध्ययन सामग्री, चार्टर्ड सेक्रेटरी जर्नल, स्टूडेण्ट कम्पनी सेक्रेटरी, फाउंडेसन कोर्स बुलेटिन और सभी क्षेत्रीय परिषदों के न्यूज़ बुलेटिन तथा इंस्टीट्यूट के अन्य प्रकाशन उपलब्ध हैं।

6. सदस्य

6.1 नए प्रवेश

इस वर्ष 612 एसोसिएट सदस्य तथा 230 फैलो सदस्यों को प्रविष्ट किया गया। 31 मार्च 1998 को इंस्टीट्यूट के रजिस्टर में 11759 सदस्य दर्ज थे, जिनमें से 8713 एसोसिएट और 3046 फैलो सदस्य थे। 31 मार्च 1998 को विदेशों में रहने वाले सदस्यों की संख्या 185 थी। इस वर्ष के दौरान परिषद को 13 सदस्यों की मृत्यु की सूचना देते हुए दुख है।

इस वर्ष 232 सदस्यों को प्रेक्टिस प्रमाण पत्र जारी किए गए। 31 मार्च 1998 को प्रेक्टिस प्रमाणपत्रधारियों की संख्या 1056 थी।

31 मार्च को सदस्यों की संख्या

	1994	1995	1996	1997	1998
एसोसिएट	7119	7598	8012	8481	8713
फैलो	2209	2408	2653	2863	3046
प्रैक्टिस प्रमाण पत्रधारी	699	735	799	887	1056

6.2 सदस्यों/मतदाओं की सूची

कम्पनी सचिव विनियमावली 1992 के विनियम 161 के साथ पठित कम्पनी सचिव अधिनियम की धारा 19(3) के अनुसरण में 1 अप्रैल 1997 की स्थिति के अनुसार सदस्यों की पूरक सूची प्रकाशित की गई है, जिसमें कुछ अतिरिक्त सूचना दी गई है–जैसे सदस्यों के व्यवसाय/निवास के पते, जन्म तिथि टेलीफोन नम्बर, फैक्स नम्बर, सेल्युलर, पेजर नं.। सदस्यों को यह सूची उनके अनुरोध पर सप्लाई की जाती हैं सदस्यों के बीच बेहतर संप्रेषण तथा परस्पर विचार विमर्श के लिए अतिरिक्त सूचना सूची में शामिल की गई है। पहली बार सदस्यों और अन्य के लिए सदस्यों की सूची क्षेत्रवार फ्लापी में तैयार कर उपलब्ध कराने की व्यवस्था कर दी गई है। इसके अलावा सदस्यों की सूची के अलावा चुनाव 1997 के दौरान मतदाता सूची प्रकाशित की गई।

6.3 सामान्य

सर्वोत्तम संभव सेवाएं प्रदान करने के प्रयास में सदस्यता अनुभाग के कार्य को कम्प्यूटरीकृत कर दिया गया है। अधिकांश सेवाएं/सूचनाएं कम्प्यूटर के माध्यम से दी/पुनः प्राप्त की जा रही है। इससे सदस्यों के विवरण में होने वाले परिवर्तन का काम तेजी से हो जाता है। चार्टर्ड सेक्रेटरी पत्रिका को डाक से भेजने के लिए लेबलों का काम अभी तक बाहर से कराया जाता था; इसे अब मुख्यालय में ही किया जा रहा है। प्रेक्टिस प्रमाण पत्र जारी करने के काम को भी सुधारा गया है।

7. चुनाव

दिसम्बर 1997 में केन्द्रीय परिषद और चार क्षेत्रीय परिषदों के चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए और 22 दिसम्बर 1997 को परिणामों को अधिसूचित कर दिया गया। केन्द्रीय परिषद के चुनावों में 12 सीटों के लिए 25 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा और चार क्षेत्रीय परिषदों में 36 सीटों के लिए 86 उम्मीदवार मैदान में थे।

मतगणना का कार्य राज्य सभा के दल ने किया, जिसका नेतृत्व श्री एन.एस. वालिया, अवर सचिव ने किया।

8. प्रकाशन

"चार्टर्ड सेक्रेटरी"

1971 में इस जर्नल का प्रकाशन एक सामान्य स्तर पर तिमाही जर्नल के रूप में शुरू हुआ था, जिसके प्रकाशन की अवधि 1972 में बढ़ा कर मासिक जर्नल के रूप में कर दी गई। अब इस जर्नल का प्रकाशन 28वें वर्ष में प्रवेश कर गया है। व्यावसायिक जर्नल के रूप में इसे बहुत ऊंचे स्थान पर माना जाता है तथा विभिन्न क्षेत्रों से चाहे वह उद्योग हो, या वाणिज्यिक अथवा व्यापार हो तथा अन्य व्यावसायिकों ने भी इसे सामयिक विषयों पर ज्ञानवर्धक लेखों का उच्च श्रेणी का प्रकाशन कह कर सराहा है जिसके द्वारा सरकारी अधिसूचनाओं, कानूनी निर्णयों आदि की शीघ्र जानकारी मिल जाती है। एक तरफ इंस्टीट्यूट और दूसरी तरफ सदस्यों एवं इंस्टीट्यूट के साथ सम्पर्क करने वाले अन्य लोगों के बीच संप्रेषण का प्रभावकारी माध्यम है। समीक्षाधीन वर्ष में जर्नल के तीन विशेषांक प्रकाशित किये जिनका विषय था–केन्द्रीय बजट–अप्रैल 1997; कार्पोरेट गवर्नेस – मई 1997 और मर्जर एंड एक्वीजीशंस–अक्तूबर

1997, जिनके बारे में निगम व्यावसायिकों ने बड़ी सराहना की उन्होंने इन अंकों का बहुत स्वागत किया है। विशेष रूप से कार्पोरेट गवर्नेंस विशेषांक को स्वयं सर केडबरी ने श्रेष्ठ अंक कह कर सराहना की; इस अंक में सुप्रसिद्ध केडबरी समिति के सर एडरिन केडबरी सहित सुविख्यात विशेषज्ञों के लेख प्रकाशित किए गए थे।

9. विशेषज्ञ परामर्शी ग्रुप

इस वर्ष सरकार, सेबी, स्टॉक एक्सचेंजों तथा सरकार एवं अन्य निकायों द्वारा गठित समितियों/अध्ययन ग्रुपों को दिए जाने वाले अभ्यावेदनों को अन्तिम रूप देने के उद्देश्य से सदस्यों/विशेषज्ञों की टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए निगम विधि, पूंजी बाजार, कराधान और लेखांकन तथा वित्त में विशिष्टता प्राप्त विशेषज्ञों के कोर ग्रुप का पुनर्गठन किया गया।

10. व्यवसाय को प्राप्त मान्यताएं

इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष सेबी द्वारा गठित प्राइमरी मार्केट संबंधी परामर्श समिति के सदस्य बने रहे।

11. विद्यार्थी सेवाएं

11.1 नियमित पाठ्यक्रम के लिए पंजीकरण

पिछले पांच वर्षों में पंजीकृत विद्यार्थी

1993-1994	1994-1995	1995-1996	1996-1997	1997-1998
16601	25032	37067	40311	30431

पिछले पांच वर्षों में वर्तमान विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि

31 मार्च 94	31 मार्च 95	31 मार्च 96	31 मार्च 97	31 मार्च 98
65385	77627	101099	126909	145931

1997–98 के दौरान 30431 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया जबकि 1996–97 में 40311 विद्यार्थियों का पंजीकरण हुआ था। 31 मार्च 1998 को विद्यार्थियों की चालू पंजीकरण संख्या 145931 है, जिनमें वे 775 विद्यार्थी शामिल हैं, जिनका पंजीकरण विनियम 21(3) के अधीन किया गया। परिशिष्ट 'ग' में उन विद्यार्थियों की संख्या दी है, जिन्होंने फाउण्डेशन, इन्टर और फाइनल परीक्षाएं उत्तीर्ण कर ली हैं।

11.2 फाउंडेशन पाठ्यक्रम में प्रवेश

पिछले पांच वर्षों में पंजीकृत विद्यार्थी

	1993–1994 (7 महीने)	1994–95	1995–1996	1996–1997	1997–1998
पंजीकृत विद्यार्थी	7470	16415	22451	24464	18983

शिक्षा की राष्ट्रीय नीति के अनुरूप इंस्टीट्यूट ने 20 अगस्त 1993 से 10+2 विधार्थियों के लिए फाउण्डेशन पाठ्यक्रम शुरू किया। रिपोर्टाधीन वर्ष में फाउण्डेशन पाठ्यक्रम में 18983 विधार्थियों को प्रवेश दिया गया। 31.3.1998 तक 89783 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा चुका था। फाउण्डेशन पाठ्यक्रम की परीक्षा पहली बार 1994 में हुई थी। जून और दिसम्बर 1997 के दो सत्रों में आयोजित फाउण्डेशन परीक्षा में क्रमशः 1640 और 1623 परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। 31-3-1998 को फाउउंडेशन पाठ्यक्रम के पंजीकृत विधार्थियों की वर्तमान संख्या 57219 थी।

11.3 शिक्षण

1997–98 में फाउंडेशन पाठ्यक्रम तथा अन्य नियमित पाठ्यक्रमों में जिन विद्यार्थियो ने प्रवेश लिया, उन सभी के नाम अनिवार्यतः डाक शिक्षण के लिए भी दर्ज किए गए और उन्हें अध्ययन सामग्री दी गई। इस वर्ष शिक्षण समाप्ति पर 39088 प्रमाण पत्र जारी किए गए और फाउंडेशन पाठ्यक्रम के लिए प्राप्त सभी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया तथा विद्यार्थियों को वापस की गईं इस वर्ष विद्यार्थियों को सेवा प्रदान करने संबंधी गतिविधियों का विकेन्द्रीकरण करने की दिशा में पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद को छोड़ कर सभी क्षेत्रीय परिषदों में इंटरमीडिएट पाठ्य क्रम की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की सुविधा दी गई है। दक्षिणी भारतीय क्षेत्रीय परिषद में फाइनल पाठ्यक्रम की उत्तर पुस्तिकाओं के स्थानीय मूल्यांकन की भी सुविधा रही है। आशा है कि पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद में भी फाइनल पाठ्यक्रम की उत्तर पुस्तिकाओं के स्थानीय मूल्यांकन की सुविधा शीघ्र शुरू हो जाएगी।

11.4 स्टूडेंट कम्पनी सेक्रेटरी

इंस्टीट्यूट कम्पनी सचिव पाठ्यक्रम का अध्ययन करने वाले विधार्थियों के लाभ के लिए नियमपूर्वक अपना मासिक बुलेटिन 'स्टूडेंट कम्पनी सेक्रेटरी' प्रकाशित करता है जिसका मुख्य उद्देश्य व्यावहारिक प्रशिक्षण की आवश्यकताओं सहित कम्पनी सचिवीय पाठ्यक्रम के प्रशासन के संबंध में हुए विधायी संशोधनों, अध्ययन और सूचना के बारे में जानकारी देना है। यह बुलेटिन नियमित रूप से अध्ययन कर रहे सभी वर्तमान विधार्थियों को निःशुल्क भेजा जाता है जिनकी संख्या 145000 से अधिक है।

11.5 कम्पनी सचिव फाउंडेशन पाठ्यक्रम बुलेटिन

फाउंडेशन पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की आवश्यकता पूरी करने के लिए भी, जो अपने कैरियर के मोड़ पर खड़े होते हैं, इंस्टीट्यूट अलग से एक कम्पनी सचिव फाउंडेशन पाठ्यक्रम बुलेटिन प्रकाशित करता है। यह द्विमासिक बुलेटिन है जिसका प्रकाशन जनवरी 1994 से चल रहा है। इसे भी फाउंडेशन पाठ्यक्रम के 57,000 से अधिक वर्तमान विधार्थियों को निःशुल्क भेजा जाता है।

11.6 कम्पनी सचिव गाइड — अध्ययन और परीक्षा

विद्यार्थियों को इस बारे में मार्गदर्शन देने के लिए कि वे किस तरह से कम्पनी सचिवों की परीक्षा के लिए अध्ययन और तैयारी करें, इंस्टीट्यूट ने एक मात्र विद्यार्थियों के लिए एक प्रकाशन – 'ए गाइड टू कम्पनी सेक्रेटरीशिप – स्टडी एंड एक्जामिनेशन' प्रकाशित किया। विद्यार्थी समुदाय को सेवाएं प्रदान करने के लिए यह पुस्तिका उन सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क दी जाती है, जिनका पंजीकरण कम्पनी सचिवीय पाठ्यक्रम के लिए 1 जुलाई 1992 के आगे हुआ है।

11.7 लाइसेंसधारी — आई सी एस आई

रिपोर्टाधीन अवधि में इंस्टीट्यूट में 262 लाइसेंसधारी–आई सी एस आई प्रविष्ट किए गए। 31.3 1998 को लाइसेंसधारिता के लिए जितने आई सी एस आई लाइसेंसधारी वैध थे, उनकी संख्या 532 थी।

11.8 पात्र परीक्षा योजना

विद्यार्थियों को सुविधा प्रदान करने के बारे में इंस्टीट्यूट की नीति के अनुरूप इंस्टीट्यूट ने 1.1.1998 से पात्र परीक्षा शुरू की गई है। इस योजना की विशेषता यह है कि विद्यार्थी क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों द्वारा रविवारों एवं छुट्टियों में आयोजित अर्हक परीक्षा उत्तीर्ण कर अपना शिक्षण पूरा कर सकते हैं। यह सुविधा कार्यरत विद्यार्थियों के लिए वरदान है, जो न तो मौखिक कक्षाओं में उपस्थित होकर मौखिक शिक्षण प्राप्त करने की स्थिति में होते हैं और न ही इनके पास अनिवार्य डाक शिक्षण योजना के अन्तर्गत उत्तर पुस्तिकाएं भेजने का पर्याप्त समय होता है।

11.9 मौखिक शिक्षण कक्षाएं

क्षेत्रीय परिषदों/शाखाओं/सैटेलाइट शाखाओं और आई सी एस आई के सहयोगी मौखिक शिक्षण केन्द्रों द्वारा विद्यार्थियों के लिए मौखिक शिक्षण कक्षाओं की सुविधा पूरे भारत में 60 केन्द्रों पर दी जा रही है। इसके अलावा उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद में अधिक अवधि की मौखिक शिक्षण कक्षाएं आयोजित की गईं।

11.10 पुस्तकालय सुविधायें

इस वर्ष मुख्यालय की पुस्तकालय सहायता योजना के अन्तर्गत शाखा – पुस्तकालयों को 81,939 रुपये की पुस्तकें दी गईं। निदेशक – अध्ययन ने फाउण्डेशन, इण्टरमीडिएट और फाइनल पाठ्यक्रम के लिए पुस्तकालय सहायता योजना के अन्तर्गत खरीद के लिए संदर्भ ग्रंथों की सूची भी अद्यतन की है। इसके अलावा, सभी क्षेत्रीय परिषदों को परामर्श दिया है कि वे मौखिक कक्षाओं से बची धनराशि के कुछ अंश का उपयोग पुस्तकालय/बुनियादी ढांचे को अद्यतन करने के लिए करें।

11.11 परीक्षा प्रश्न-पत्रों के मार्ग निर्देशी उत्तर

1997–98 में फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल पाठयक्रमों की परीक्षाओं के सभी विषयों के जून 1997 तथा दिसंबर 1997 की परीक्षाओं के मार्गदर्शी उत्तर प्रकाशित किये गये और समय पर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए गये।

11.12 अध्ययन सामग्री का संशोधन/अद्यतनीकरण और संभावित उत्तर

फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल पाठ्यक्रमों की अध्ययन सामग्री का नियमित रूप से संशोधन/अद्यतन किया जा रहा है। जिन विषयों को अद्यतन बना लिया जाता है, विद्यार्थियों को इसकी सूचना 'स्टूडेण्ट कम्पनी सेक्रेटरी' और सी एस फाउण्डेशन कोर्स बुलेटिन' के जरिए भी की जाती है। इसके अलावा, परीक्षा के लिए सुसंगत अध्ययन में हुए महत्त्वपूर्ण संशोधनों/परिवर्तनों को शामिल करते हुए कुछ विषयों पर पूरक पाठों की भी व्यवस्था की जाती है।

11.13 विषय-वार, सत्र-वार प्रश्न

इंस्टीट्यूट की फाउण्डेशन, इन्टरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्नों की विषय--वार, सत्र--वार अद्यतन पुस्तिकाओं का प्रकाशन किया गया; जून 1994 से दिसम्बर 1997 तक के पिछले आठ सत्रों के उक्त पाठ्यक्रमों की पुस्तिकाएं प्रकाशित की गईं।

11.14 पाठ्यक्रम पुनरीक्षण

पाठ्यक्रम पुनरीक्षण समिति ने उभरते परिदृश्य के प्रसंग में पाठ्यचर्या का पुनरीक्षण किया और अपनी सिफारिशें कीं। पाठ्यचर्या और प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं पर अन्तिम रिपोर्ट का प्रारूप परिषद के अवलोकनार्थ तथा विचारार्थ प्रस्तुत कर दिया गया है।

12. परीक्षाएं

12.1 परीक्षाओं का आयोजन

1997–98 के दौरान जून और दिसंबर 1997 में देश भर में 49 केन्द्रों पर कम्पनी सचिवों की फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षायें आयोजित की गईं। एक केन्द्र विदेश (दुबई) में भी था। 1997–98 के दौरान विभिन्न परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों की संख्या इस प्रकार है:

परीक्षा सत्र

परीक्षा	जून 1997	दिसंबर 1997
फाउंडेशन	1640	1623
इंटरमीडिएट	1065	1295
फाइनल	365	343

परीक्षा संबंधित आंकड़े इस रिपोर्ट के परिशिष्ट ''ग'' में दिये गये हैं।

12.2 पश्च सदस्यता अर्हता पाठ्यक्रम परीक्षा का आयोजन

रिपोर्टाधीन वर्ष में पश्च सदस्यता अर्हता परीक्षा (पी. एम. क्यू) का आयोजन अक्तूबर 1997 में कलकत्ता चेन्नई, दिल्ली और मुम्बई में चार केन्द्रों में किया गया। पश्च सदस्यता अर्हता परीक्षा का परिणाम इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'घ' में दिया गया है।

12.3 अखिल भारतीय पुरस्कार

जून और दिसंबर 1997 की परीक्षाओं के लिए अखिल भारतीय प्रेजीडेंट पुरस्कार निम्नलिखित विद्यार्थियों को दिये गये:

पाठ्यक्रम	जून 1997	केन्द्र	दिसंबर 1997	केन्द्र
इंटरमीडिएट	श्री यतीन मलहोत्रा	दिल्ली	श्री नीतिन डागा	कलकत्ता
फाइनल	सुश्री फरजाना सैम बिल्लीमोरिया	मुम्बई	सुश्री सुधा एम नागराज	चेन्नई

कलकत्ता के श्री अनिल डालमिया और दिल्ली के श्री तरूण प्रकाश अग्रवाल ने पं0 नेहरू जन्म शताब्दी वार्षिक पुरस्कार संयुक्त रूप से जीता। पुरस्कार विजेताओं के नाम तथा अखिल भारतीय पुरस्कार योजनाओं तथा क्षेत्रीय पुरस्कार योजनाओं के ब्यौरे 'स्टूडेंट कम्पनी सेक्रेटरी' बुलेटिन में प्रकाशित किये गए।

12.4 योग्यता प्रमाणपत्र/योग्यता छात्रवृत्तियां/वित्तीय सहायता

जून और दिसंबर 1997 सत्रों की फाउंडेशन और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के प्रथम सर्वोच्च 25 रैंक पाने वाले तथा फाइनल परीक्षा में सर्वोच्च 10 रैंक पाने वाले परीक्षार्थिओं को योग्यता प्रमाण दिए गए।

योग्यता छात्रवृति योजना के अधीन जून और दिसंबर 1997 सत्रों में इंस्टीट्यूट की फाउंडेशन और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सर्वोच्च 15 रैंक के परीक्षार्थियों को छात्रवृत्तियां दी गईं। इसी प्रकार योग्यता–व–साधन सहायता योजना के अधीन सुपात्र विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता दी गई।

13. प्रशिक्षण

13.1 पैनल बनाना

इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने के लिए और अधिकाधिक कम्पनियों को पैनल पर लाने के लिए प्रशिक्षण निदेशालय ने देश भर में विभिन्न स्टॉक एक्सचेंजों की सूची में दर्ज विभिन्न कम्पनियों से सम्पर्क करने के अलावा अखिल भारतीय और राज्य स्तर पर वित्तीय संस्थाओं, राष्ट्रीकृत तथा अन्य बैंकों से भी सम्पर्क साधा। 1997–98 के वित्तीय वर्ष दौरान प्रबंध प्रशिक्षण देने के लिए 141 कम्पनियों को पैनल पर रखा और व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के

लिए 122 कमपनियों को पैनल पर रखा। इस अवधि में प्रशिक्षु प्रशिक्षण देने के लिए 36 कम्पनी सचिवों को मान्यता प्रदान की गई। 31 मार्च 1998 को प्रबंध प्रशिक्षण और व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए क्रमशः 1621 और 1924 कम्पनियां हमारे पैनल पर थीं और प्रशिक्षु प्रशिक्षण देने के लिए 318 कम्पनी सचिव थे।

इसके अलावा, विभिन्न कम्पनियों में विद्यार्थियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था करने के लिए प्रशिक्षण निदेशालय ने इंस्टीट्यूट में ही फरवरी 1998 से साक्षात्कार लेना शुरू कर दिया है। विद्यार्थियों और कम्पनियों दोनों की सहायता करने के उद्देश्य से ये साक्षात्कार लिए जा रहे हैं।

13.2 प्रशिक्षण प्रदान करना

1997–98 के दौरान 333 विद्यार्थियों को प्रबंध प्रशिक्षण प्रदान किया गया, 301 विद्यार्थियों ने व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया और प्रशिक्षु प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 72 थी। प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों द्वारा इंटरमीडिएट/फाइनल परीक्षा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने के कार्य को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

13.3 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम

1997–98 के दौरान मुख्यालय, क्षेत्रीय परिषदों ओर ए तथा ए–1 ग्रेड की शाखाओं ने 14 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण पकार्यक्रमों का आयोजन किया और 436 विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया।

इंस्टीट्यूट ने 22.9.97 से 9.10.97 तक दो सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जिनमें ऐसा ही एक मॉडल कार्यक्रम भी शामिल था। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आयोजित करने का उद्देश्य सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने वाले अन्य केन्द्रों के सामने एक मॉडल प्रस्तुत करना था और अर्जित ज्ञान तथा वास्तव में कार्य करने की स्थिति में इनके प्रयोग के बीच एक सेतु बनाना भी था। कार्यक्रम के लिए नाम दर्ज कराने वाले सभी 42 सहभागियों ने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। व्यावसायिक आचरण और नैतिकता पर 'कोड आफ कंडक्ट फार कम्पनी सेक्रेटरीज' शीर्षक से एक ब्रोशर का प्रकाशन किया गया, जिसे इन कार्यक्रमों के ऐसे सभी सहभागियों में वितरित किया जो इंस्टीय्यूट की सदस्यता ग्रहण करने ही वाले हैं।

समसामयिक परिवर्तनों की जानकारी में पीछे न रह जाने को ध्यान में रखते हुए एस एम टी पी के पाठ्य–विवरण को पुनर्गठित किया गया, जिसमें व्यवसाय से संगत और नए क्षेत्रों पर अधिक बल दिया गया।

14. जनसम्पर्क और नियोजन

14.1 1997–98 में प्रेस और इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से विभिन्न प्रकार के जन सम्पर्को और जनसंबंधों के कारण कहीं अधिक विद्यार्थियों का पंजीकरण हुआ और ट्रेड, उद्योग तथा निगम क्षेत्र में व्यवसाय की कहीं अधिक स्वीकार्यता प्राप्त करने में योगदान मिला। अखिल भारतीय आधार पर हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं के प्रमुख समाचार पत्रों में उनके शिक्षा और कैरियर पृष्ठों में कम्पनी सचिव के व्यवसाय की पूरी व्यापक जानकारी देने वाली विशेषताएं समय समय पर प्रकाशित होती रहीं। इसके अलावा संबंधित विषयों पर इंस्टीट्यूट की विभिन्न विचार गोष्ठियों/गतिविधियों एवं प्रतिक्रियाओं के बारे में जारी प्रेस विज्ञप्तियों के द्वारा भी मीडिया में व्यापक प्रचार हुआ। विभिन्न प्रेस सम्मेलनों के लिए क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों को प्रेस नोट के साथ प्रचार सामग्री भी भेजी गई। 30 अप्रैल 1997 को दूरदर्शन की मैट्रो चैनल– 2 पर प्रातः 7.30 बजे प्रसिद्ध कार्यक्रम गुडमोर्निंग टुडे में कम्पनी सेक्रेटरीशिप पर पूरा कार्यक्रम प्रसारित कराने में निदेशालय को सफलता मिली। 17 मई 1997 को जी टी.वी पर "हम होंगे कामयाब" कार्यक्रम में भी एक कार्यक्रम "वित्तीय सेवाओं" के नाम से प्रसारित हुआ!

25 अगस्त 1997 को नए कम्पनी विधेयक, 1997 पर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सचिव की प्रतिक्रियाएं एल टीवी पर उनके कार्यक्रम बिजनेस इण्डिया में प्रसारित की गई। यह कार्यक्रम दुबई, दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग, और यूरोप के देशों में भी दिखाया गया, जहां जी टी.वी का व्यापक नेटवर्क फैला हुआ है। इसी प्रकार के प्रसारण एशियन बिजनेस

न्यूज इण्डिया (ए बी एन आई) और एशियन न्यूज इन्टरनेशनल (ए एन आई) ने भी प्रसारित किए। 12 जून 1997 को कम्पनी विधेयक पर आयोजित विचारगोष्ठी के बारे में प्रेस, आकाशवाणी, दूरदर्शन, ए बी एन आई और जी टी. वी पर व्यापक रूप से रिपोर्टिंग हुई। दूरदर्शन, आकशवाणी, ई ई एन ए डी यू टी.वी, सिटी केबल, बी आई टी.वी (टीवीआई) पर तथा समाचार पत्रों में भी रजत जयंती राष्ट्रीय सम्मेलन और सम्मलेन की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस सम्मेलन को बहुत अच्छा स्थान मिला।

इस वर्ष आकाशवाणी पर 'लाइव फोन इन कार्यक्रमों' और विभिन्न कैरियर मेलों में भागीदारी भी एक विशेषता रही। पूरे देश में 26 अगस्त 1997 और 26 फरवरी 1998 को कम्पनी सचिव पत्रों में प्रकाशित किए गए। निदेशालय ने कम्पनी सेक्रेटरीज इन प्रेक्टिस और कोड आफ कंडक्ट फार कम्पनी सेक्रेटरीज पर प्रकाशित ब्रोशरों के डिजाइन और प्रकाशन का भी समन्वय किया। जनवरी 1998 में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव संबंधी समाचार प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुए तथा यूनीवार्ता के माध्यम से अध्यक्ष का सन्देश भी प्रकाशित हुआ। 26 फरवरी 1998 को 'इन्वेस्ट टाइम्स' के दौरान टाइम्स एफ एम चैनल पर व्यवसाय से संबंधित अध्यक्ष का साक्षात्कार प्रसारित किया गया।

14.2 नियोजन

इस वर्ष रोजगार अवसरों को और बढ़ाने की दृष्टि से नियोजन प्रकोष्ठ में पंजीकृत सदस्यों के बायो डाटा उनकी समुचित नियुक्ति के लिए 300 से अधिक (प्राइवेट, सरकारी और बहु–राष्ट्रीय कम्पनियों) संस्थाओं और कैरियर परामर्शदाताओं को भेजे गए। प्रमुख समाचार पत्रों और बिजनेस मैगज़ीनों से कम्पनी सचिव पद के विज्ञापनों का संकलन किया गया और इंस्टीट्यूट के सदस्यों की सूची संबंधित प्राइवेट/सरकारी संस्थाओं को विचारार्थ भेजी गई। अखिल भारतीय आधार पर कम्पनी सचिवों की विभिन्न रिक्तियों/अवसरों की जानकारी कार्यालय में आने वाले सदस्यों को नियमित रूप से दी जाती रही। अनेक संस्थाओं से कम्पनी सचिव के पद के लिए अनुरोध प्राप्त होने पर तुरंत कार्रवाई की गई। जिन संस्थाओं ने केवल सी ए, आई सी डब्ल्यू ए और एम बी ए (वित्त) के लिए विज्ञापन दिया, उनसे अनुरोध किया कि वे इन्टीग्रेटेड कार्पोरेट मैनेजर के रूप में कम्पनी सचिवों को भर्ती करें/भर्ती करने पर विचार करें। जिन सदस्यों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया और जिन्हें इंस्टीट्यूट द्वारा प्रायोजित किए जाने पर समुचित नौकरी मिली उनसे जो वापसी–जानकारी मिली वह सकारात्मक है।

15. लेखे

15.1 अधिशेष

व्यय पर अंकुश लगाने के लिए किए गए विभिन्न उपायों के फलस्वरूप 1997–98 के लेखों के अंत में 248.05 लाख रुपये का अधिशेष रहा, अधिशेष 367.19 लाख रुपये था।

15.2 रिजर्व

(क) पूंजी रिजर्व

सदस्यों से प्राप्त प्रवेश शुल्क के पूंजी रिजर्व का पूंजीकरण किया गया है। यह राशि 31 मार्च 1998 को 50.74 लाख रुपये थी, जबकि 31 मार्च 1997 को यह राशि 39.44 लाख रुपये थी।

(ख) सामान्य रिजर्व

पिछले वर्ष 31 मार्च 1997 को जो सामान्य रिजर्व 1381.49 लाख रुपये था, वह अब बढ़ कर 31 मार्च 1998 को 1641.69 लाख रुपये हो गया है।

रिजर्व में वृद्धि

(लाख रुपयों में)

	31 मार्च 94	31 मार्च 95	31 मार्च 96	31 मार्च 97	31 मार्च 98
सामान्य रिजर्व	431.37	647.22	984.91	1381.49	1651.69
पूंजी रिजर्व	30.82	33.53	36.54	39.44	50.74

15.3 सांविधिक लेखा परीक्षक

कम्पनी सचिव अधिनियम 1980 की धारा 18(4) के अनुसरण में मैसर्स खन्ना एंड अन्नाधनम, चार्टर्ड एकाउंटेट्स नई दिल्ली को 31 मार्च 98 को समाप्त वर्ष के लिए इंस्टीट्यूट का सांविधिक लेखा परीक्षक पुनः नियुक्त किया गया। लेखा परीक्षक की रिपोर्ट लेखा विवरण के साथ प्रकाशित की गई है।

16. भूमि और भवन

16.1 आई सी एस आई — एन आई आर सी भवन

उत्तरी भारत क्षेत्र परिषद, अध्ययन निदेशालय और फाउण्डेशन सैल आई सी एस आई – एन आई आर सी भवन में कार्य कर रहे हैं; यह भवन 4, प्रसाद नगर इंस्टीट्यूशनल एरिया नई दिल्ली में है।

16.2 फरीदाबाद शाखा की भूमि

इस शाखा ने फरीदाबाद के सेक्टर 16ए में हरियाणा नगर विकास प्राधिकरण (हूडा) से 3.65 लाख रुपये में 500 वर्ग गज का एक भूखंड खरीदा है। यद्यपि हूडा ने फरीदाबाद शाखा को आवंटन पत्र और कब्जे का पत्र जारी कर दिया था, परन्तु इस संपत्ति के बारे में कुछ पुराने विवाद के कारण हूडा ने इस भूखंड का कब्जा अभी शाखा को नहीं सौंपा है। हूडा ने एक दूसरा प्लाट अलाट करने और उसका कब्जा देने की सिफारिश की है। यह प्रस्ताव स्वीकृति के लिए चंडीगढ़ में हूडा के चेयरमैन के पास पड़ा है।

16.3 नौयडा शाखा के लिए भूमि

इंस्टीट्यूट ने 1375 वर्ग मीटर भूमि का एक प्लाट नौयडा के सैक्टर 62, फेज–2, इंस्टीट्शनल एरिया में 34.38 लाख रुपये में खरीदा है। इंस्टीट्यूट ने इसका कब्जा ले लिया है और भवन का निर्माण कार्य चल रहा है।

16.4 मंगलौर शाखा परिसर

इंस्टीट्यूट ने मंगलौर शाखा के लिए प्रेस टावर, दूसरी मंजिल, बेजई, मंगलौर में बना बनाया परिसर खरीदा है, जिसकी कुल लागत 7.18 लाख रुपये है। नए कार्यालय का औपचारिक रूप से उद्घाटन इंस्टीट्यूट के तत्कालीन अध्यक्ष श्री डी.के. प्रहलाद राव ने 23 दिसम्बर 1997 को किया।

17. शाखाओं को पूंजीगत अनुदान और ऋण

17.1 इंस्टीट्यूट ने अपनी क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं को 31 मार्च 1998 तक अपना कार्यालय भवन ले लेने के लिए जो अनुदान और ऋण दिया है उसका ब्यौरा इस प्रकार है:

(क) अनुदान 302.87 लाख रुपये

(ख) ऋण 242.27 लाख रुपये

इंस्टीट्यूट का प्रयास है कि क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं द्वारा अपने काम काज के लिए भवन लेने के प्रयासों में उनकी सहायता करे और इस संबंध में पूरक राशि दे। कुछ क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं में अपने कार्यालय स्थल/भवन परियोजनाओं के लिए संसाधन जुटाने के लिए जबरदस्त प्रयास किये हैं। परिषद इन क्षेत्रीय परिषदों/शाखाओं द्वारा किये गए इन प्रयासों की प्रशंसा करती है।

18. कम्पनी सचिव हितकारी निधि (सी एस बी एफ)

18.1 सी एस बी एफ के आजीवन सदस्यों की संख्या 31 मार्च 1998 को 2526 थी। पिछले वर्षों में सदस्यों की संख्या धीरे–धीरे बढ़ती रही है। 31 मार्च 1998 को पूंजी रिजर्व 46.29 लाख रुपये और सामान्य रिजर्व 11.97 लाख रुपये था।

18.2 इस निधि में और अधिक सदस्यों को प्रवेश कराने के लिए प्रयास जारी है। इससे वित्तीय संकट के समय सदस्यों को बेहतर वित्तीय सहायता तथा मृत्यु, लम्बी बीमारी, दुर्घटना आदि के कारण कठिनाई में उनके परिवारों को और अधिक लाभ दिए जा सकेंगे। यह अपने आप में बीमा जैसा उपाए है। 1000 रुपये के आजीवन सदस्यता शुल्क को आय कर अधिनियम 1961 की धारा 80 जी के अन्तर्गत छूट प्राप्त है।

19. मानव संसाधन विकास

19.1 आई सी एस आई का प्रबंधन आज के अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक व्यापार जगत में व्यावसायिक सर्वश्रेष्ठता के महत्त्व से पूरी तरह अवगत है। आई सी एस आई मानता है कि सदस्यों, विद्यार्थियों और कम्पनी जगत के अन्य ग्राहकों को कुशल सेवाएं प्रदान करने के लिए व्यावसायिक सर्वश्रेष्ठता का लक्ष्य प्राप्त करने में मानव विकास संसाधन की प्रमुख भूमिका है। इस बात को ध्यान में रखते हुए बहुत सूक्ष्म स्तर पर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रम के माध्यम से मानव संसाधन के विकास के लिए सभी तरह के प्रयास किए गए। विभिन्न वाह्य एजेंसियों द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों में अधिकारियों/कर्मचारियों को नामजद करने के अलावा स्वयं इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस प्रयास में कम्प्यूटर प्रयोग के क्षेत्र में इंस्टीट्यूट के 41 अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया।

समग्र रूप से 68 अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया, जो इंस्टीट्यूट के स्टॉफ की कुल संख्या का 25 प्रतिशत बैठता है। इसके अलावा, अधिकारियों को व्यावसायिक निकायों के सदस्यता शुल्क की प्रतिपूर्ति इस दृष्टि से की गई कि इससे उन्हें अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्रों और उच्च ज्ञान प्राप्त करने के लिए यह प्रोत्साहन मिल सके कि वे इस व्यवसाय के साथ अपने को जोड़ें। इस प्रकार इस वर्ष अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए प्रबंधकीय प्रभावकारिता और काम काज करने में निपुणता को ऊंचा करने के लिए उनके ज्ञान में वृद्धि का उद्देश्य पूरा किया जा सका और साथ ही जहां तक सूक्ष्म स्तर तक मानव संसाधन की प्रभावकारिता और उत्पादन में वृद्धि का संबंध है, इससे यह उद्देश्य भी पूरा हुआ।

इस वर्ष सौहार्दपूर्ण संबंधों के बने रहने के फलस्वरूप वेतन संशोधन संबंधित बातचीत बड़ी शांतपूर्ण ढंग से हुई और सुचारू रूप से आपस में समझौता हो गया। इंस्टीट्यूट और आई सी एस आई कर्मचारी संघ के बीच समझौते के ज्ञापन पर 11 नवम्बर 1997 को हस्ताक्षर हुए, जिसमें संघ ने पुनः इस बात की पुष्टि की कि इंस्टीट्यूट के सभी संसाधनों का इष्टतम प्रयोग करते हुए वे अपने कार्य निष्पादन में अधिक से अधिक कार्यकुशलता के लिए पूरा सहयोग देंगे और सद्भावपूर्ण औद्योगिक संबंधों का स्वस्थ वातावरण बनाये रखा जाएगा।

20. भावी दृष्टिकोण

उदारीकरण व्यापार और आर्थिक सुधारों में आए कानूनी पर्यावरण को देखते हुए कम्पनी सचिव का चेहरा बहुत तेजी से बदल रहा है। परिणामस्वरूप, कम्पनी सचिव की भूमिका अनुमोदन और अनुपालन से बदल कर प्रबन्धन में

बदल गई है। तदनुसार कम्पनी सचिव की छवि एक व्यापार प्रबंधक की छवि बन गई है जो किसी कम्पनी के कानूनी परामर्शदाता के रूप में कानूनी अनुपालनों के अपने प्रमुख क्षेत्र में कार्य करने के अलावा सामान्य प्रबंधन और वाणिज्यिक काम–काज का निर्वाह करने में समर्थ है। उदारीकरण और कम्पनियों के प्रबंधन में नियंत्रण हटाने तथा स्वय देश एव अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के फलस्वरूप कम्पनियों के प्रबंधन में जबरदस्त परिवर्तन हुआ है। अब इस बात पर बल दिया जाता है कि बाजार की ताकतों के आधार पर नए व्यापार वातावरण में प्रवेश करने के लिए साधन और उपाए खोजे जाएं। मुख्य दृष्टिकोण में भी बदलाव आने के बाद फ्लैट संगठनों ओर प्रबंधनों की तरफ ध्यान चला गया है जिसके अन्तर्गत संगठन में प्रत्येक व्यक्ति की कल्पना उस पर होने वाले व्यय पर केन्द्रित रहती है और देखा जाता है कि कम्पनी को आगे बढ़ाने में उसका कितना योगदान रहता है। इस दिशा में इंस्टीट्यूट के शैक्षिक कार्यों को पुनर्गठित किया गया है ताकि सदस्यगण एक तरफ शीर्षस्थ प्रबंधन समूह के भाग के रूप में गतिशील भूमिका निभा सकें और दूसरी तरफ कानूनी प्रबंधन के क्षेत्र में विशेषज्ञ बने रहें।

21. आभार

परिषद केन्द्रीय सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों और विशेष रूप से कम्पनी कार्य विभाग और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड 'सेबी' के प्रति उनके द्वारा इस वर्ष व्यवसाय और इंस्टीट्यूट की गतिविधियों के विकास में सहायता व मार्गदर्शन तथा समर्थन प्रदान करने के लिए आभार प्रगट करती है। परिषद विभिन्न राज्य सरकारों वित्तीय/औद्योगिक/निवेश संस्थानों/सामान्य रूप से निगम क्षेत्र और देश में विभिन्न चैम्बर्स ऑफ कामर्स और ट्रेड एसोसिएशनों तथा अन्य एजेंसियों के प्रति भी आभार प्रगट करती है, जिन्होंने इंस्टीट्यूट के सदस्यों की सेवायें लेने में और निगम विधि, वित्त प्रबंधन तथा संबद्ध क्षेत्रों में इनकी विशेषज्ञता को मान्यता प्रदान करने में लगातार रूचि बढ़ाई है। परिषद, क्षेत्रीय परिषद और इनकी शाखाओं द्वारा प्रदान की गई सहायता और सहयोग तथा इंस्टीट्यूट के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की भी अपनी ओर से अत्यधिक सराहना करती है, जिन्होंने बड़ी निष्ठा और कर्तव्य की भावना से काम किया।

कृते इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया की परिषद

(बी. पी. धनुका)

अध्यक्ष

नई दिल्ली

तारीख : 12 जुलाई 1998

परिशिष्ट 'क'

वर्ष 1998 के लिए परिषद की समितियां

स्थायी समितियां

1. अनुशासन समिति

चेयरमैन

बी.पी. धनुका, अध्यक्ष

सदस्य

आर डी जोशी

एस. रामाबद्रन

2. परीक्षा समिति

चेयरमैन

वीरेन्द्र गण्डा, उपाध्यक्ष

सदस्य

शुभरेन्दु गंगोपाध्याय

जे श्रीधर

3. कार्यकारी समिति

चेयरमैन

बी पी धनुका, अध्यक्ष

सदस्य

वीरेन्द्र गण्डा, उपाध्यक्ष

एस डी इसरानी (डॉ.)

आर डी जोशी

पी वी एस जगन मोहन राव

अन्य समितियां

4. व्यावसायिक विकास समिति

चेयरमैन

बी पी धनुका, अध्यक्ष

सदस्य

बिपिन एस आचार्य

के चन्द्रशेखरन

कुमार डी कापसी

एस रामाबद्रन

वी श्रीधरन

हरीश के वेद

पवन कुमार विजय

5. प्रशिक्षण तथा शिक्षण सुविधा समिति

चेयरमैन

वीरेन्द्र गण्डा, उपाध्यक्ष

सदस्य

के चन्द्रशेखरन

एस गंगोपाध्याय

कुमार डी कापसी

पी वी एस जगमोहन राव

पी एस शर्मा (डॉ.)

वी श्रीधरन

पवन कुमार विजय

6. विनियमन समिति

चेयरमैन

बी पी धनुका, अध्यक्ष

सदस्य

बिपिन एस आचार्य

के चन्द्रशेखरन

नैना आर देसाई (श्रीमती)

पी वी एस जगन मोहन राव

जे श्रीधर

हरीश के वैद

7. समन्वय समिति

चेयरमैन

बी पी धनुका, अध्यक्ष

सदस्य

बिपिन एस आचार्य

नैना आर देसाई (श्रीमती)

एस डी इसरानी (डॉ.)

एस रामाबद्रन

पी एस शर्मा (डॉ.)

पवन कुमार विजय

8. संपादकीय सलाहकार बोर्ड

चेयरमैन

वी के मजोतरा

सदस्य

गिरीश आहूजा

वी के भल्ला (प्रोफेसर)

दिलीप गोस्वामी

जयालक्षमी जयारामन (डॉ.)

धीरज माथुर

एस बी माथुर

अनूप मिश्रा

आर के पांडे

ए के पोद्दार

आदिति एस रे (श्रीमती)

वी के सिंघानिया (डॉ.)

हरीश के वैद

9. विशेषज्ञ सलाहकार ग्रुप

चेयरमैन

जसटिस ए एम अहमदी

सदस्य

आर एन बंसल

के चन्द्रशेखरन

यू के चौधरी

नैना आर देसाई (श्रीमती)

एस गंगोपाध्याय

एस डी इसरानी (डॉ.)

एस एस कुमार

हरीश के वैद

एन जे एन वजीफदार

10. सी सी आर टी भवन समिति

चेयरमैन

ए के मोदी

सदस्य

बिपिन एस आचार्य

एन एल भाटिया

के आर चन्द्रात्रे (डॉ.)

नैना आर देसाई (श्रीमती)

एस डी इसरानी (डॉ.)

कुमार डी कापसी

पी पी मिस्त्री (डॉ.)

आर रामचन्द्रन

सी आर शाह

जे श्रीधर

एन जे एन वजीफदार

डब्लू आई आर सी के पदाधिकारी

पदेन सदस्य

बी पी धनुका, अध्यक्ष

वीरेन्द्र गण्डा, उपाध्यक्ष

एस पी नारंग (डॉ.), सचिव

11. नौयडा भवन समिति

चेयरमैन

आर एन बंसल

सदस्य

गिरीश आहूजा

ओ पी दानी

पंकज गुप्ता

एन के जैन

शशांक जैन

आर के पांडे

हरीश के वैद

पवन कुमार विजय

चेयरमैन, एन आई आर सी

पदेन सदस्य

बी पी धनुका, अध्यक्ष

वीरेन्द्र गण्डा, उपाध्यक्ष

एस पी नारंग (डॉ.), सचिव

12. सी सी आर टी प्रबंधन समिति

चेयरमैन

बी पी धनुका, अध्यक्ष

सदस्य

बिपिन एस आचार्य

नैना आर देसाई (श्रीमती)

वीरेन्द्र गण्डा

एस डी इसरानी (डॉ.)

कुमार डी कापसी

एस रामबद्रन

जे श्रीधर

पवन कुमार विजय

सदस्य-सचिव

एस पी नारंग (डॉ.)

13. भावी योजना ग्रुप

चेयरमैन

सी आर शाह

सदस्य

आर के चन्द्रात्रे (डॉ.)

एस डी इसरानी (डॉ.)

आर कृष्णन

डी के प्रहलाद राव

डी बी सक्सेना

श्यामल सेन

एन जे एन वजीफदार

सदस्य-सचिव

एस पी नारंग (डॉ.)

परिशिष्ट 'ख'

1. नई दिल्ली में 10 अप्रैल 1997 को इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ फारेन ट्रेड के साथ संयुक्त रूप से 'निगम शासन के उभरते आयाम' विषय पर एक दिन की राष्ट्रीय विचारगोष्ठी का आयोजन किया।

2. मैसूर में 23-24 मई 1997 को सार्वजनिक उद्यम विभाग के साथ मिल कर 'सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में विनिवेश और पब्लिक इश्यू के कानूनी फलितार्थों' पर दो दिन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

3. नई दिल्ली में 12 जून 1997 को आई सी डब्ल्यू ए आई के साथ संयुक्त रूप से कम्पनी बिल 1997 के कार्यकारी मसौदे पर एक दिन की राष्ट्रीय विचारगोष्ठी आयोजित की गई।

4. चेन्नई में 4-5 जुलाई 1997 को 'सिस्टम्स आडिट आफ कम्प्यूटाइज्ड सेक्रेटेरियल फंक्शंस' विषय पर दो दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया।

5. नई दिल्ली में 21-25 जुलाई 1997 को सेंट्रल कम्पनी लॉ सर्विसेज के अधिकारियों के लिए पांच दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

6. हैदराबाद में 29-31 अगस्त 1997 को ''निगम-प्रशासन-वैश्विक परिप्रेक्ष्य'' विषय पर स्वर्ण जयंती राष्ट्रीय सम्मेलन और तीसरा कम्पनी सचिव अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

7. कलकत्ता में 15 नवम्बर 1997 को कम्पनी बिल पर राष्ट्रीय विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया।

8. चेन्नई में 12-13 दिसम्बर 1997 को 'सिस्टम्स आडिट आफ कम्प्यूटाइज्ड सेक्रेटेरियल फंक्शंस' पर दो दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया।

9. नई दिल्ली में 27 दिसम्बर 1997 को आई सी ए डी आर के साथ संयुक्त रूप से 'आल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन' पर एक दिन की राष्ट्रीय विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया।

10. हैदराबाद में 19-21 फरवरी 1998 को एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज आफ इण्डिया के साथ मिलकर 'मर्जर्स एंड एक्विजीशंस' पर तीन दिन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

11. नई दिल्ली में 17-21 मार्च 1998 को सेंट्रल कम्पनी लॉ सर्विसेज के अधिकारियों के लिए पांच दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

परीक्षाओं में बैठे और उत्तीर्ण विद्यार्थियों के आंकड़े

I. जून 1997 का सत्र

परीक्षा	परीक्षार्थियों की संख्या			
	नामांकित	बैठे	उत्तीर्ण	उत्तीर्ण प्रतिशत
फाउंडेशन	11756	9124	1639	17.96
इंटरमीडिएट*				
ग्रुप-1	22020	13546	1270	9.38
ग्रुप-2	20526	12876	1733	13.46
फाइनल**				
ग्रुप-1	3115	2209	521	23.59
ग्रुप-2	3091	2047	442	21.59

* इण्टरमीडिएट के दोनों ग्रुपों में 4413 परीक्षार्थी बैठे, जिनमें से दोनों ग्रुपों में 193 ने परीक्षा पास की (4.37 प्रतिशत)।

** फाइनल के दोनों ग्रुपों में 872 परीक्षार्थी बैठे जिनमें से दोनो ग्रुपों में कुल 89 ने परीक्षा पास की (10. 20 प्रतिशत)।

II. दिसम्बर 1997 सत्र

परीक्षा	परीक्षार्थियों की संख्या			
	नामांकित	बैठे	उत्तीर्ण	उत्तीर्ण प्रतिशत
फाउंडेशन	11613	9328	1623	17.40
इंटरमीडिएट*				
ग्रुप-1	22803	13531	1771	13.09
ग्रुप-2	21479	13412	1329	9.91
फाइनल**				
ग्रुप-1	3479	2416	433	17.92
ग्रुप-2	3673	2499	533	21.33

* इंटरमीडिएट के दोनों ग्रुपों में 3221 परीक्षार्थी बैठे, जिनमें से दोनों ग्रुपों में कुल 236 ने परीक्षा पास की (7.33 प्रतिशत)।

** इंटरमीडिएट के दोनों ग्रुपों में 674 परीक्षार्थी बैठे जिनमें से दोनों ग्रुपों में कुल 69 ने परीक्षा पास की (10.24 प्रतिशत)।

परिशिष्ट 'घ'

पश्च सदस्यता अर्हता
(पी एम क्यू) परीक्षा - अक्तूबर 1997

परीक्षा	परीक्षार्थियों की संख्या			
	नामांकित	बैठे	उत्तीर्ण	उत्तीर्ण प्रतिशत
ग्रुप-1	103	44	3	6.82
ग्रुप-2	45	26	1	3.85

दोनों ग्रुपों में 29 परीक्षार्थियों के नाम अंकित किए गए, जिनमे से 15 परीक्षार्थी दोनो ग्रुपों में बैठे और दोनों में कोई भी उत्तीर्ण घोषित नहीं हुआ।

खन्ना एंड अन्नाधनम
चार्टर्ड एकाउण्टेंट्स
706, आकशदीप, 26ए, बाराखम्बा रोड,
पो, आ, बाक्स नं0 648
नई दिल्ली - 110 001
टेलीफोन: 3315110, 3315119, ग्राम: अलर्ट, नई दिल्ली

लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

हमने इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के 31 मार्च 1998 के संलग्न तुलन पत्रा तथा इसके साथ संलग्न उसी तारीख को समाप्त वर्ष के आय और व्यय लेखे का परीक्षण भी किया है और हमारी रिपोर्ट इस प्रकार है:

(क) हमें वह सभी सूचना और स्पष्टीकरण प्राप्त हो गए, जो हमें अपेक्षित जानकारी और विश्वास के अनुसार लेखापरीक्षा के प्रयोजन के लिए प्राप्त करने आवश्यक थे।

(ख) रिपोर्ट का संदर्भाधीन तुलन पत्रा और आय एवं व्यय लेखे रखी गई लेखा पुस्तकों और रिकार्डों से मेल खाते हैं।

(ग) हमारी राय में और जहां तक हमारी जानकारी है तथा प्रस्तुत किये गये स्पष्टीकरणों के अनुसार ये विवरण इनके साथ दी गई टिप्पणियों के पढ़ने पर निम्नलिखित के बारे में लेखे सही और पर्याप्त स्पष्ट स्थिति प्रगट करते हैं:

(1) इंस्टीट्यूट के मामले से संबंधित 31 मार्च, 1998 को समाप्त अवधि के तुलन पत्रा के बारे में स्थिति।

(2) उपर्युक्त तारीख को समाप्त वर्ष के आय व व्यय लेखे में अधिशेष से संबंधित स्थिति

कृते खन्ना एंड अन्नाधनम
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स

(के ए बालासुब्रह्मण्यन)
पार्टनर

स्थान : नई दिल्ली

तारीख : 12 जुलाई 1998

दि इस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज़ आफ इण्डिया, नई दिल्ली
31 मार्च, 1998 को समाप्त वर्ष का तुलन पत्र

(राशि रुपयों में)

विवरण	अनुसूची	31 मार्च 1998			31 मार्च 1997		
निधि का स्रोत							
पूंजी रिजर्व	1			5,073,570			3,943,920
सामान्य रिजर्व	2			164,168,695			138,149,483
वैज्ञानिक अनुसंधान रिजर्व	3			4,021,656			1,729,188
चिकित्सा व्यय निधि	4			5,800,000			5,000,000
योग				**179,063,921**			**148,822,591**
निधि का प्रयोग							
स्थायी परिसम्पत्तियां:							
सकल ब्लाक	5	63,832,203			61,841,788		
घटाए: मूल्य ह्रास		18,323,121			15,367,571		
			45,509,082			46,474,217	
जोड़ें: भूमि क्रय/निर्माणाधीन भवन के लिए पेशगी			27,064,419			11,171,662	
				72,573,501			57,645,879
निवेश	6			83,783,239			79,186,837
चालू परिसंपत्तिया, ऋण और पेशगी							
चालू परिसंपत्तियां	7						
निवेश पर बना ब्याज		11,479,113			7,728,484		
हस्तगत स्टाक		5,206,213			6,656,615		
विविध देनदार		658,521			878,955		
नकदी और बैंक शेष		38,115,701	55,459,548		31,456,829	46,720,883	
ऋण ओर पेशगियां	8		16,229,979			15,295,550	
			71,689,527			62,016,433	
घटायें: चालू देयतायें और प्रावधान	9						
देयताएं		(32,502,726)			(33,897,927)		
प्रावधान		(16,479,620)	(48,982,346)	22,707,181	(16,128,631)	(50,026,558)	11,989,875
योग				**179,063,921**			**148,822,591**
लेखांकन नीतियां और वित्तीय विवरण पर टिप्पणियां	15						

इसी तारीख की हमारी रिपोर्ट के अनुसार
खन्ना एंड अन्नाधनम
चार्टर्ड एकांउटेंट्स

(के.ए. बालासुब्रह्मण्यन)
पार्टनर

कृते और परिषद् की ओर से

(डा. एस. पी. नारंग)
सचिव

(वीरेन्द्र गण्डा)
उपाध्यक्ष

(बी. पी धनुका)
अध्यक्ष

स्थान: नई दिल्ली
तारीख: 12 जुलाई, 1998

दि इस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज़ आफ इण्डिया, नई दिल्ली
31 मार्च, 1998 को समाप्त वर्ष का आय तथा व्यय लेखा

(राशि रुपयो में)

विवरण	अनुसूची	1997-98	1996-97
आय			
